श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली

शिक्षण अधिगम केन्द्र

पंडित मदन मोहन मालवीय राष्ट्रीय शिक्षक एवं शिक्षण योजना

शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार

चरण-V, कार्यक्रम सं. - 02

एकदिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला

गूगल प्रपत्र रचना एवं प्रयोग

दिनांक - 29 मई, 2021

परिचय:

श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय (केन्द्रीय विश्वविद्यालय), नई दिल्ली के शिक्षण अधिगम केन्द्र की स्थापना **शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार** की **पंडित मदन मोहन मालवीय राष्ट्रीय शिक्षक एवं शिक्षण योजना** (PMMMNMTT) के पाठ्यचर्या एवं शिक्षणशास्त्र हेतु उत्कृष्टता केन्द्र के घटक के अन्तर्गत हुई है। यह योजना शिक्षा के सभी स्तरों में गुणात्मक सुधार करने के उद्देश्य से शुरू की गई थी। इस केन्द्र का मुख्य उद्देश्य भाषा शिक्षा विशेषकर संस्कृत से जुड़े अध्यापक एवं अध्यापक शिक्षको में शिक्षण एवं अधिगम प्रणालियों के अभिकल्पन, विकास, क्रियान्वयन एवं मूल्यांकन हेतु कौशल एवं कुशलताओं का विकास करना है। **भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा केंद्र को उच्च शिक्षा के नवनियुक्त अध्यापकों हेतु एक मासिक अनिवार्य संकाय अनुबोधन कार्यक्रम (FIP) के संचालन हेतु जारी 30 नये केन्द्रों की सूची में चिह्नित किया गया तथा उसे संस्कृत विषय में SWAYAM मंच के माध्यम से Annual Refresher Program in Teaching (ARPIT – 2018, 2019 व 2020 कोर्स) के निर्माण हेतु राष्ट्रीय संसाधन केन्द्र (NRC) के रूप में भी अधिसूचित किया गया। इसके साथ केन्द्र द्वारा उच्च प्राथमिक स्तर एवं माध्यमिक स्तर पर संस्कृत शिक्षण हेतु दो संदर्शिकाओ का प्रकाशन किया गया है। अभी तक केन्द्र द्वारा 35 कार्यक्रम एवं 3 संकाय अनुबोधन कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया जा चुका है । पंचम चरण के सभी कार्यक्रमों का संचालन माननीय कुलपति महोदय के संरक्षण में किया जायेगा।**

सन्दर्भ:

कोरोना संक्रमण काल में शैक्षिक प्रक्रियाओं के नियोजन, अभिकल्पन, क्रियान्वयन एवं आकलन हेतु डिजिटल एवं ऑनलाइन मंच एक सुरक्षित एवं बेहतर विकल्प के रूप में उभर रहे है। इस मंच का संचालन विभिन्न सॉफ्टवेयर्स, ऐप्स एवं टूल्स के प्रयोग द्वारा किया जाता है। किसी भी स्तर की शिक्षा प्रणाली में सूचना संकलन, अधिगम आकलन एवं प्रतिपुष्टि महत्त्वपूर्ण गतिविधियाँ होती है जिनके लिये उपलब्ध ई-संसाधनों में गूगल प्रपत्र एक महत्त्वपूर्ण विकल्प है। इस वेब-आधारित निशुल्क टूल में अनेक प्रकार के प्रश्नों यथा बहुविकल्पात्मक, लघु उत्तरीय, दीर्घ उत्तरीय, चेक बॉक्स, सूची से चयन एवं अनुच्छेद, वीडियो एवं चित्र आधारित अवबोधात्मक प्रश्न के विकल्प होते है जिन्हें प्रपत्र के उद्देश्यानुरूप प्रयोग किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त यह प्राप्त सूचनाओं एवं उत्तरों को 'गूगल स्प्रेड शीट' एवं उत्तरों का विश्लेषण सारांश रूप में प्रदान करने की विशेषता भी रखता है। साथ ही इसे बहुत सरलता से निर्मित, प्रशासित एवं दूसरों से साँझा किया जा सकता है। अतः गूगल प्रपत्र निर्माण एवं प्रयोग विधि को जानना एक शिक्षक एवं शिक्षार्थियों के लिये अत्यन्त आवश्यक है । इसी सन्दर्भ को लेकर एकदिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन विशेषकर शिक्षार्थियों के लिये इस आशय से किया जा रहा है जिससे उनके गूगल प्रपत्र निर्माण एवं प्रयोग सम्बन्धित कौशलों को संवर्द्धित किया जा सके।

उद्देश्य:

इस कार्यशाला के उद्देश्य है-

- गूगल प्रपत्र के घटकों से परिचित कराना।
- गूगल प्रपत्र की प्रशासन विधि से परिचित कराना।
- गूगल प्रपत्र में उपलब्ध अनेक प्रकार के प्रश्नों का निर्माण करना।
- गूगल प्रपत्र द्वारा प्राप्त सूचनाओं एवं उत्तरों के विश्लेषण में अन्तर्दृष्टि प्रदान करना।
- गूगल प्रपत्र निर्माण एवं प्रयोग सम्बन्धी कुशलताओं का विकास करना।

लक्ष्य समूह:

- श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के सभी अध्ययनरत शिक्षार्थी।

पंजीकरण:

इस कार्यशाला के लिये **पंजीकरण शुल्क ₹100/- (अप्रतिदेय)** है। इच्छुक प्रतिभागी इस लिंक https://forms.eduqfix.com/slbsnsuform/home द्वारा **28 मई, 2021 को सुबह 10 बजे तक** ऑनलाइन पंजीकृत कर सकते हैं। अधिकतम प्रवेश क्षमता तक पंजीकरण पहुँचने की स्थिति में यह लिंक अंतिम तिथि से पहले बंद कर दिया जायेगा। पंजीकरण **पहले आओ पहले पाओ** के आधार पर प्रदान किया जाएगा।

सक्रिय प्रतिभाग हेतु अपेक्षित सामग्री : -

1. **लैपटॉप/ कैमरा एवं माइक्रोफोन के साथ कंप्यूटर/स्मार्टफ़ोन।**
2. **कार्यशाला के समय उत्तम इन्टरनेट कनेक्टिविटी कम से कम 5 जीबी डाटा।**

महत्त्वपूर्ण सूचना

ऑनलाइन प्लेटफार्म:
गूगल मीट

- ✓ प्रतिभाग हेतु **ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य** है।
- ✓ पंजीकरण प्रपत्र में कृपया अपना **वैध ईमेल एवं Whatsapp नंबर** प्रदान करें क्योंकि कार्यशाला सम्बन्धित सभी सम्प्रेषण इन्हीं के द्वारा किये जाएंगे।
- ✓ इस कार्यशाला में प्रतिभाग/ पूर्णता (निष्पादन आधारित ग्रेड) का **ई-प्रमाणपत्र** प्रदान किया जाएगा।

समन्वयक एवं संयोजक — **प्रो. अमिता पाण्डेय भारद्वाज**, **निदेशक**

सह-संयोजक — **डॉ. दिनेश यादव**

कार्यक्रम सुगमकर्ता — **श्री सुरेन्द्र नागर, श्री ज्ञान चन्द शर्मा, श्री राकेश काण्डपाल, श्री अक्षत डबराल, एवं श्री सचिन कुमार।**

संरक्षक
प्रो. रमेश कुमार पाण्डेय
कुलपति

आयोजक

शिक्षण अधिगम केन्द्र

पंडित मदन मोहन मालवीय राष्ट्रीय शिक्षक एवं शिक्षण योजना, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार

श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

(केन्द्रीय विश्वविद्यालय), नैक द्वारा 'ए' ग्रेड प्रदत्त
बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
अन्य जानकारी हेतु-
सम्पर्क सूत्र -9891777666, 9716692396, 8285513959
ई-मेल: tlc@slbsrsv.ac.in वेबसाइट: www.slbsrsv.ac.in